भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1638
सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

'देखो अपना देश' पर जोर

†1638. श्रीमती पूनमबेन माडम:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार महामारी युग के पश्चात् घरेलू पर्यटकों के बीच 15 पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए 'देखो अपना देश' पर जोर देने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा टूर गाइडों के कौशल उन्नयन हेतु क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं;

(घ) क्या सरकार ने नई पर्यटन नीति बनाई है; और

(ङ) यदि हां, तो नीति की मुख्य विशेषताएं क्या हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी हाँ, महोदय । पर्यटन मंत्रालय ने जनवरी 2020 में देखो अपना देश पहल शुरू की थी। 'देखो अपना देश' पर ज़ोर दिया जा रहा है और पर्यटन मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट और वेबसाइट पर तथा घरेलू भारत पर्यटन कार्यालयों के माध्यम से इसका व्यापक रूप से प्रचार किया जा रहा है ।

(ख): इस पहल के तहत मंत्रालय हितधारकों से संपर्क बनाए रखने और नागरिकों को देश में ही घूमने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वेबिनार, प्रश्नोत्तरी, चर्चाएं आदि का आयोजन कर रहा है । इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने "2022 की समाप्ति तक 15 गंतव्यों की यात्रा करने" के संबंध में MyGov प्लैटफ़ार्म पर देखो अपना देश 'शपथ' भी शुरू की थी, जिसे 2,50,373 नागरिकों ने लिया था । देखो अपना देश के अंतर्गत अब तक 170 से अधिक वेबिनार भी आयोजित किए जा चुके हैं ।

(ग): पर्यटन मंत्रालय 01.01.2020 से अखिल भारतीय अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता (आईआईटीएफ) प्रमाणन कार्यक्रम चला रहा है, जोकि एक डिजिटल पहल है और जिसका लक्ष्य देशभर में सुप्रशिक्षित और पेशेवर पर्यटक सुविधाप्रदाताओं/गाइडों के एक समूह का

सृजन करने के उद्देश्य से एक ऑनलाइन शिक्षा प्लैटफ़ार्म तैयार करना है । यह प्रणाली अभ्यर्थियों के लिए बेसिक, उच्च आईआईटीजी (विरासत और साहसिक), मौखिक भाषा और रिफ्रेशर पाठ्यक्रम उपलब्ध कराती है । अभ्यर्थी कहीं से भी और किसी भी समय तथा अपनी सुविधानुसार इन ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में भाग ले सकते हैं । अब तक अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता बेसिक पाठ्यक्रम ऑनलाइन परीक्षा चार बार आयोजित की जा चुकी है, जिसमें कुल 4438 अभ्यर्थियों ने आईआईटीएफ बेसिक पाठ्यक्रम पूरा किया है ।

दिशानिर्देशों में दिनांक 11 जनवरी, 2021 के संशोधन के द्वारा वर्तमान क्षेत्र स्तरीय गाइड (आरएलजी) का अतुल्य भारत पर्यटक गाइड (आईआईटीजी) के रूप में पुनः नामकरण किया गया है और और इसे आईआईटीएफ/आईआईटीजी की इस नई प्रणाली के साथ एकीकृत किया गया है । रिफ्रेशर पाठ्यक्रम के पूरा होने पर वर्तमान क्षेत्र स्तरीय गाइड (आरएलजी) का नाम बदल कर अतुल्य भारत पर्यटक गाइड (आईआईटीजी) किया जाएगा और इनके संचालन क्षेत्र को विशिष्ट क्षेत्र से बढ़ा कर अखिल भारत स्तर का कर दिया गया है ।

(घ) : जी हाँ, महोदय । पर्यटन मंत्रालय ने एक नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति तैयार की है ।

(ड) : मसौदा नीति के मुख्य कार्यनीतिक लक्ष्य इस प्रकार हैं:

(i) यात्रा, ठहरने और व्यय में वृद्धि करके और भारत को पूरे वर्ष यात्रा करने के अनुकूल पर्यटन गंतव्य बनाकर भारतीय अर्थव्यवस्था में पर्यटन के योगदान को बढ़ाना ।
(ii) पर्यटन क्षेत्र में नौकरियों और उद्यम संबंधी संभावनाओं का सृजन करना और कुशल कार्यबल की आपूर्ति सुनिश्चित करना ।
(iii) पर्यटन क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करना और निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करना ।
(iv) देश के सांस्कृतिक और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना और उनकी वृद्धि करना ।
(v) देश में पर्यटन का स्थायी, जिम्मेदार और समावेशी विकास सुनिश्चित करना ।

*****